सान्ध्य हिन्दी दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष - 03 | अंक - 187 | जौनपुर, सोमवार, 24 फरवरी 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज - 4 | मूल्य - 2 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### केरल के राज्यपाल पहुंचे महाकुंभ, संगम में लगाई डुबकी

केरल , (एजेंसी)। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर परिवार के साथ शनिवार को यहां पहुंचे और त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। सरकार द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, अर्लेकर ने संगम में स्नान के बाद कहा, "हमारे देश की पुरातन परंपरा महाकुंभ में साकार हो रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अभिनंदन के पात्र हैं।" उन्होंने कहा, "महाकुंभ हमारी राष्ट्रीय एकात्मता का भी प्रतीक है। महाकुंभ के विराट स्वरूप को देखने देश–विदेश से करोड़ों श्रद्धालु यहां खिंचे चले आ रहे हैं। हम एक राष्ट्र हैं, पुरातन राष्ट्र हैं। ऐसे में यहां डुबकी लगाने के बाद हमें हमारे सनातन गौरव की अनुभूति होती है।" वहीं, शनिवार को ही 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज' के सीईओ आशीष चौहान ने भी पत्नी सोनल चौहान के साथ संगम में स्नान और विधिवत पूजा–अर्चना की। प्रसिद्ध अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने भी शनिवार को सपरिवार त्रिवेणी संगम में स्नान किया और मां गंगा की पूजा अर्चना की। उन्होंने इसे जीवन में एक बार होने वाली अनुभूति करार दिया।

### धनखड़ ने महाराष्ट्र में एलोरा गुफा, घृष्णेश्वर मंदिर का दौरा किया

नई दिल्ली, (एजेंसी)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को महाराष्ट्र के घृष्णेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की और छत्रपति संभाजीनगर स्थित एलोरा गुफा का दौरा किया। धनखड़ शहर के एक दिवसीय दौरे पर हैं, जिस दौरान वह डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय और सरस्वती भुवन कॉलेज में कार्यक्रमों में भाग लेंगे। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उपराष्ट्रपति ने 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक घृष्णेश्वर मंदिर में पूजा–अर्चना की और यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों में शामिल एलोरा गुफा में कैलाश मंदिर (गुफा संख्या 16) का दौरा किया।

### अदालत ने कार्यवाही रोकने संबंधी कार्ति चिदंबरम की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली, (एजेंसी)। दिल्ली की एक अदालत कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम की उस याचिका पर 5 मार्च को अपना आदेश सुना सकती है, जिसमें उन्होंने अपने और अन्य के खिलाफ कथित चीनी वीजा घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने शनिवार को कार्ति की याचिका पर दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। कार्ति ने अदालत के समक्ष दायर की गई याचिका में संबंधित प्राधिकारियों से मंजूरी न मिलने का दावा करते हुए कार्यवाही पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साल 2011 में चीन के 263 नागरिकों को वीजा जारी करने से संबंधित कथित घोटाले में कार्ति और अन्य के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया था। यह मामला तब सामने आया था,।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बोर्ड की परीक्षाओं के लिए छात्रों को शुभकामनाएं



नयी दिल्ली, (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बोर्ड की परीक्षाओं के लिए रविवार को छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें बगैर किसी तनाव के तथा सकारात्मक सोच के साथ परीक्षाएं देने का संदेश दिया। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 119वीं कड़ी में उन्होंने 'परीक्षा पे चर्चा' के वार्षिक आयोजन का भी उल्लेख किया और इस बात पर खुशी जताई कि यह कार्यक्रम 'एग्जाम वॉरियर्स' के लिए एक संस्थागत रूप लेता जा रहा है। मोदी ने कहा, ''यह बोर्ड परीक्षाओं का समय है। मैं अपने युवा–साथियों यानी 'एग्जाम वॉरियर्स' को उनकी परीक्षाओं के लिए बहुत–बहुत शुभकामनाएं देता हूं। आप बिना कोई तनाव लिए पूरे सकारात्मक भाव के साथ अपनी परीक्षाएं दीजिए।'' उन्होंने कहा, ''हर वर्ष 'परीक्षा पे चर्चा' में हम अपने 'एग्जाम वॉरियर्स' से परीक्षाओं से जुड़े अलग–अलग विषयों पर बात करते हैं। मुझे खुशी है कि अब यह कार्यक्रम एक संस्थागत रूप लेता जा रहा है और इसमें नए–नए विशेषज्ञ भी जुड़ते चले जा रहे हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि इस साल 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम को नए तरीके से प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया औ विशेषज्ञों के साथ आठ अलग–अलग संस्करण इसमें शामिल किए गए। उन्होंने कहा कि इनमें परीक्षाओं के अलावा स्वास्थ्य देखभाल और मानसिक स्वास्थ्य के अलावा खान–पान जैसे विषयों को भी शामिल किया गया। मोदी ने कहा कि साथ ही पिछले 'टॉपर्स' ने भी अपने विचार और अनुभव सभी के साथ साझा किए। प्रधानमंत्री ने कहा कि बहुत से युवाओं, उनके परिजनों और शिक्षकों ने उन्हें पत्र लिखकर बताया है कि ये नए तरीके उन्हें बहुत ही पसंद आए क्योंकि इसमें हर विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि बहुत सारे लोगों को इस कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली की सुंदर नर्सरी में किया जाना भी बहुत पसंद आया। मोदी ने उन छात्रों से 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के संस्करणों को देखने का अनुरोध किया, जिन्होंने अभी तक इन्हें नहीं देखा है।

# केंद्र के प्रयासों से देश के सहकारी क्षेत्र को गति मिली है – शाह

नई दिल्ली, (एजेंसी)। शाह ने कहा कि हर व्यक्ति को उसकी योग्यता के अनुसार काम उपलब्ध कराना और देश के विकास से जोड़कर हर परिवार को समृद्ध बनाना सहकारिता आंदोलन से ही संभव है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि केंद्र के प्रयासों से देश के सहकारी क्षेत्र को गति मिली है और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में इसके महत्व को रेखांकित किया। पुणे में जनता सहकारी बैंक लिमिटेड के हीरक जयंती समारोह के समापन समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने भारत के सहकारी क्षेत्र को बाजार योग्य बनाया है। इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री ने पुणे में पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने सहकारी बैंकिंग क्षेत्र से प्रौद्योगिकी अपनाने




का आग्रह किया। शाह ने कहा, ''पिछले तीन वर्षों में केंद्र ने देश में सहकारी आंदोलन को गति देने का काम किया है। हमने भारत के सहकारी क्षेत्र के मॉडल को बाजार के लायक बनाया है। हम सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक लाकर सहकारी शिक्षा को सशक्त बना रहे हैं।'' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के समक्ष दो संकल्प रखे हैं – 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाना और 2027 तक देश को 5 हजार अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना। उन्होंने कहा कि सहकारी क्षेत्र के विकास के बिना ये संकल्प अधूरे रहेंगे। शाह ने इस बात पर भी जोर दिया कि अगर हर व्यक्ति का विकास और हर घर में समृद्धि नहीं होगी, तो ये दोनों संकल्प साकार नहीं हो पाएंगे। शाह ने कहा कि हर व्यक्ति को उसकी योग्यता के अनुसार काम उपलब्ध कराना और देश के विकास से जोड़कर हर परिवार को समृद्ध बनाना सहकारिता आंदोलन से ही संभव है।

# प्रयागराज जैसा उत्साह खेलों में भी झलक रहा है : आदित्यनाथ योगी

प्रयागराज, (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में जो उत्साह व समर्पण देखने को मिल रहा है, वैसा ही खेलों में भी दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में एक नयी खेल संस्कृति उभरी है। एक मीडिया समूह के खेल पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, "जब कोई खिलाड़ी खेलता है, तो वह देश के लिए खेलता है। उसके समर्पण, अनुशासन व टीम भावना का परिणाम समाज को एक नयी दिशा देता है। वह युवाओं को नयी ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।" आदित्यनाथ ने कहा,



"राज्य के खिलाड़ियों को आवश्यक बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। आज देश में विभिन्न खेल कार्यक्रम जारी हैं। इसका परिणाम यह है कि उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिल रहा है।" उन्होंने कहा कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में जो उत्साह व समर्पण देखने को मिल रहा है, वैसा ही खेलों में भी दिखाई दे रहा है। इस समारोह में उन्होंने एलवाई समेत कई प्रतिष्ठित खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

# राहुल गांधी ने तेलंगाना में सुरंग की छत ढहने की घटना को लेकर चिंता जताई

नई दिल्ली, (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में एक सुरंग का एक हिस्सा ढह जाने के बाद उसमें आठ लोगों के फंसने की घटना को लेकर चिंता व्यक्त की और उनकी सुरक्षा की उम्मीद जताई। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें बताया गया है कि राज्य सरकार बचाव दलों के साथ, फंसे लोगों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, "मुझे बताया गया है कि बचाव अभियान जारी है और राज्य सरकार आपदा राहत दलों के साथ फंसे लोगों को बचाने का हर संभव प्रयास कर रही है।" तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है। श्रीशैलम सुरंग नहर परियोजना के निर्माणाधीन खंड की छत का एक हिस्सा शनिवार को ढह जाने से आठ व्यक्ति अंदर फंस गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना की जानकारी लेने के लिए तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को



फोन किया औरबचाव अभियान के लिए केंद्र की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम मौके पर पहुंच गई हैं और सेना के जवानों की एक टीम वहां पहुंच रही है।

# महाकुंभ में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 60 करोड़ से ज्यादा हुई – उत्तर प्रदेश सरकार

प्रयागराज , (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश सरकार ने शनिवार को दावा किया कि प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ में अब तक 60 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने गंगा और त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई है। मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, शनिवार को शाम आठ बजे तक कुल 1.43 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई जबकि 13 जनवरी से अभी तक कुल 60.74 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। सरकार द्वारा जारी बयान के अनुसार, एक अनुमान के मुताबिक दुनिया में कुल 120 करोड़ सनातनी हैं, इस लिहाज से महाकुंभ में दुनिया के आधे से अधिक सनातनी गंगा और त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा चुके हैं। 26 फरवरी तक यह संख्या 65 करोड़ से भी ऊपर पहुंच सकती है। महाकुंभ में 73 देशों के राजनयिक और भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत विभिन्न हस्तियां स्नान करने पहुंचे। यही नहीं, नेपाल से 50 लाख से अधिक लोग अब तक स्नान कर चुके हैं। आंकड़ों के मुताबिक सर्वाधिक करीब आठ करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था, जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर डुबकी लगाई। एक फरवरी और 30 जनवरी को 2–2 करोड़ से अधिक और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में स्नान किया। वहीं माघी पूर्णिमा के महत्वपूर्ण स्नान पर्व पर भी दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया।

# शन के निर्माण पर यथास्थिति बनाए रखने का सुप्रीम आदेश

वाराणसी, (संवाददाता)। सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी में रोपवे स्टेशन के निर्माण पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने यह आदेश वाराणसी के दशाश्वमेध घाट की रहने वाली तीन महिलाओं की याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ता महिलाओं का आरोप है कि उनकी जमीन का अधिग्रहण किए बिना ही रोपवे स्टेशन का निर्माण शुरू कर दिया गया है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस संजय करोल की पीठ ने मनीषा सिंह, सुचित्रा सिंह और प्रतिमा सिंह की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) पर परीक्षण करने का निर्णय लेते हुए यूपी सरकार, वाराणसी विकास प्राधिकरण आदि को नोटिस जारी किया और फिलहाल यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। पीठ ने प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए सुनवाई की अगली तारीख 14 अप्रैल तय की है। शीर्ष अदालत का यथास्थिति बनाए रखने का यह आदेश इन तीन महिलाओं की प्रॉपर्टी पर किए जा रहे निर्माण कार्य तक सीमित है। याचिकाकर्ताओं के मुताबिक यहां पर प्राधिकरण की ओर से रोपवे स्टेशन का निर्माण प्रस्तावित है। इससे पहले तीनों महिलाओं ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया था, लेकिन उन्हें वहां से कोई राहत नहीं मिली। जिसके बाद महिलाओं ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया है कि रोपेवे स्टेशन के निर्माण के लिए प्राधिकरण ने उनकी फ्री होल्ड संपत्तियों पर अवैध रूप से तोड़फोड़ कर बिना कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किए रोपवे का निर्माण कार्य शुरू कर दिया। उनका यह भी दावा किया है कि उन्हें इस संबंध मैं प्राधिकरण की ओर से कोई लिखित नोटिस भी नहीं दिया गया। अथॉरिटी की ओर से जमीन का अधिग्रहण किया गया और इसके लिए किसी तरह का मुआवजा भी नहीं दिया गया। उनका कहना है कि वे नियमित रूप से संपत्ति कर भी जमा करती थीं। हाईकोर्ट ने महिलाओं की याचिका पर सुनवाई के बाद नोटिस तो जारी किया था, लेकिन कोई अंतरिम राहत नहीं दी थी। गोदौलिया पर रोपवे स्टेशन के निर्माण पर सुप्रीम कोर्ट ने यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। इस बारे में मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा ने कहा कि इस पर रिव्यू पिटीशन दाखिल करेंगे। गोदौलिया पर जमीन अधिग्रहण मामले में नियमों का पालन कर रहे हैं। इस मामले को लेकर हाईकोर्ट में केस चल रहा है। शिकायतकर्ता में से एक सुचित्रा सिंह के पति सुरेंद्र सिंह ने कहा कि उनकी गोदौलिया पर तीन बिस्वे की फ्री होल्ड जमीन है। इसके अलावा दो बिस्वे नजूल की जमीन है। पहले रोपवे का निर्माण गोदौलिया पर होना था। बाद में गिरजाघर हुआ फिर रोपवे वालों ने कहा कि एक पिलर आपकी जमीन में जाएगी। इसका मुआवजा मिलेगा। कुछ दिनों बाद कहा कि पूरी जमीन की रजिस्ट्री कर दीजिए। यहां स्टेशन बनेगा। इसी बीच वीडीए ने 30 दिसंबर को बगैर किसी नोटिस के मेरा मकान गिरा दिया। इस पर हम लोग हाईकोर्ट चले गए। पहली बार में स्टे नहीं मिला तो हम लोग सुप्रीम कोर्ट चले गए।

# कर्नाटक राज्य के बेल्लारी जिले में अरेबिया के त्रैवार्षिक अधिवेशन के दौरान एन एफ आर आर बी ओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौन सिंह रावत चयनित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। अरेबिया का त्रैवार्षिक अधिवेशन कर्नाटक राज्य के बेल्लारी जिले में संपन्न हुआ। अधिवेशन में यू पी राज्य में कार्यरत तीन बैंकों आर्यावर्त बैंक बड़ौदा यू पी बैंक एवं प्रथमा बैंकों में चल रहे कार्मिक सेवानिवृत संगठनों के पदाधिकारियों में से एन एफ आर आर बी ओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौन सिंह रावत एवं सहायक महासचिव यशवीर सिंह , एन एफ आर आर आर बी एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह एन एफ आर आर बी ई के उप महासचिव शिवकरण द्विवेदी सहायक महासचिव आनंद तिवारी एन एफ आर आर आर बी एस के उप महासचिव पी के श्रीवास्तव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद दुबे चयनित हुए तथा अरेबिया के राष्ट्रीय प्रवक्ता शगुन शुक्ला मनोनीत हुए का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत समारोह आर्यावर्त की क्षेत्रीय समिति लखनऊ एवं बाराबंकी ने जलसा रिसॉर्ट में आयोजित किया।

मंच का संचालन पी के चौरसिया द्वारा किए जाते हुए सभी चयनित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कराया गया। माल्यार्पण के पश्चात सभा में उपस्थित लोगों को बारी बारी से संबोधित करने के लिए बुलाया गया।

विमल शुक्ला , एल के सिंह , एन के मिश्रा, आर पी सिंह, के के सिंह , एस पी शुक्ला साथी आनंद स्वरूप , विंदा प्रसाद, राजेश खत्री ने संबोधन में कार्मिक समस्याओं के साथ ही साथ चयनित एवं मनोनीत पदाधिकारियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया।

नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष चौन सिंह रावत ने भारत सरकार से एक राज्य एक ग्रामीण बैंक की नीति के तहत शीघ्र स्थापित होने वाले उत्तरप्रदेश ग्रामीण बैंक का मुख्यालय लखनऊ में बनाये जाने की मांग प्रदेश की 22 करोड़ जनता के हित मे की है।

विदित ही है कि उत्तरप्रदेश की तीनों ग्रामीण बैंक बड़ौदा यूपी बैंक, आर्यवर्त बैंक, प्रथमा बैंक का शीघ्र समामेलन होने जा रहा है जिसकी उत्तर प्रदेश में 4200 शाखाये होगी। रू2 लाख करोड़ के व्यवसाय, रू6000 करोड का अर्जित लाभ होगा।

# अखिलेश यादव के पास सकारात्मक ऊर्जा का अभाव : दयाशंकर मिश्रा

बलिया, (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्रा श्दयालुश ने समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर शनिवार को जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा अध्यक्ष दिन–रात सिर्फ सरकार की आलोचना के लिए मुद्दे ढूंढते हैं। उनके पास सकारात्मक ऊर्जा का अभाव है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अखिलेश यादव के पास कोई काम नहीं है। उन्हें सुबह से शाम तक सरकार की आलोचना करनी है। वह मुद्दे तलाशते हैं और बुराइयां ढूंढते रहते हैं। उनके अंदर सकारात्मक ऊर्जा का अभाव है। नकारात्मकता इतनी बढ़ गई है कि वह आलोचना करने में यह भूल जाते हैं कि जाने–अनजाने में देश की सनातन परंपरा का मजाक उड़ा रहे हैं। वह मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के मंदिर की आलोचना करते हैं। महाकुंभ के आयोजन की



आलोचना करते हैं और फिर चोरी–छिपे स्नान कर आते हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार भारत ने कोरोना से बचाव का टीका बनाया। वरना कालाजार, खसरा, पोलियो और डिफ्थीरिया जैसे रोगों का टीका आज तक भारत में नहीं बनाया गया था। भारत ने जब कोरोना टीका बनाया तो उसका मजाक उड़ाया। फिर, चोरी से लगवा भी लिया। विपक्ष के नाम पर अखिलेश यादव की भूमिका हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य के लिए उत्तर प्रदेश दिन–रात काम कर रहा है। उस पर प्रदेश के मुखिया काम कर रहे हैं। डबल इंजन की सरकार, जो केंद्र से लेकर प्रदेश तक है, प्रदेश को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए दिन–रात काम कर रही है। यह सरकार परिवारवाद से हटकर देश के राष्ट्रवाद के लिए काम कर रही है। मंत्री ने आगे कहा कि अखिलेश ने यूपी को लूटा है ।

# आप की सरकार में अस्तित्वहीन विभाग का नेतृत्व संभव - हरदीप सिंह पुरी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। पंजाब सरकार में मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल द्वारा श्अस्तित्वहीनश विभाग चलाने के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भगवंत मान सरकार पर जोरदार निशाना साधा है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, ष्पंजाब में क्या हो रहा है। भगवंत मान की सरकार में मंत्री 20 महीने से एक ऐसे विभाग का नेतृत्व कर रहे थे, जो था ही नहीं। मैं समझता हूं कि इस तरह का कमाल सिर्फ आम आदमी पार्टी की सरकार में ही हो सकता है। दरअसल, शुक्रवार को मुख्य सचिव द्वारा जारी गजट अधिसूचना में धालीवाल को आवंटित प्रशासनिक सुधार विभाग अस्तित्व में नहीं है। अब धालीवाल केवल एनआरआई मामलों के विभाग का प्रभार संभालेंगे। अधिसूचना में कहा गया है, ष्मंत्रियों के बीच विभागों के आवंटन के संबंध में पंजाब सरकार की पिछली अधिसूचना में आंशिक संशोधन करते हुए, धालीवाल को पहले आवंटित प्रशासनिक सुधार विभाग आज की तारीख में अस्तित्व में नहीं है। इससे पहले, धालीवाल के पास कृषि और किसान कल्याण विभाग था। मई 2023 में कैबिनेट फेरबदल में उन्हें प्रशासनिक सुधार विभाग दिया गया। सितंबर 2024 में एक और कैबिनेट फेरबदल में धालीवाल को "अस्तित्वहीन" विभाग दिया गया। श्अस्तित्वहीनश विभाग चलाने के मुद्दे



पर भाजपा ने भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप सरकार की आलोचना की और इस फैसले को केजरीवाल मॉडल करार दिया। भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने श्आपश प्रमुख अरविंद केजरीवाल को ढोंगी बताया। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, आप पंजाब सरकार में संकट की कल्पना कर सकते हैं, उन्हें यह समझने में 20 महीने लग गए ।

# विश्वविद्यालय में जल एवं ऊर्जा शोध केंद्र का हुआ भूमि पूजन

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर,, 24 फरवरी(हि.स.)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में अंतर्विषयक जल एवं ऊर्जा शोध केंद्र सेंटर के निर्माण हेतु कुलपति प्रो. वंदना सिंह के द्वारा सोमवार को परिसर में भूमि पूजन किया गयाद्य

इस अवसर पर प्रो. वंदना सिंह ने कार्यदायी संस्था सी एण्ड डी. एस. के अधिकारियों को प्रोजेक्ट टाइम लाइन को ध्यान में रखते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए द्य कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि यह शोध केंद्र ऊर्जा एवं जल के क्षेत्र मे शोध कार्यों के लिए मील का पत्थर साबित होगा ।

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय को भारत सरकार के पीएम उषा परियोजना के अंतर्गत 20 करोड रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ है जिसके अंतर्गत इंट्रडिसीप्लिनरी सेंटर फॉर वॉटर एंड एनर्जी रिसर्च की स्थापना किया जाना हैद्य इस शोध केंद्र में भारत सरकार की ऊर्जा एवं जल की प्राथमिकता को केंद्रित करते हुए शोध कार्यों किए जाने है द्य शोध केंद्र के अंतर्गत सौर ऊर्जा, हाइड्रोजन ऊर्जा, थर्मोइलेक्ट्रिक, बैटरी एवं जल के क्षेत्र में विशेष रूप से शोध किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह, उप कुलसचिव अजीत सिंह, रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो. प्रमोद यादव, पीएम–उषा प्रोजेक्ट के समन्वयक प्रो. गिरिधर मिश्र, सह–समन्वयक डॉ. धीरेंद्र चौधरी, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. नितेश जायसवाल आदि के साथ विकास अनुभाग के प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भगवान चित्रगुप्त मंदिर का सौंदयकरण कराएगा कायस्थ समाज



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव जौनपुर। कायस्थ समाज एकजुट था और एकजुट रहेगा और कायस्थों के सम्मान, उत्थान के लिए जो भी होगा ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस और जौनपुर के सभी संगठन मिलकर पूरा करेंगे उक्त विचार डॉ उमाकांत श्रीवास्तव प्रिंसिपल जिलाध्यक्ष ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस जौनपुर ने आज अपने आवास पर आयोजित पदाधिकारी परिचय सम्मान कार्यक्रम में बोलते हुए कहा साथ ही कहा कि आज नई पीढ़ी को आगे आने की जरूरत है। राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद जौनपुर के जिला अध्यक्ष गिरिजेश श्रीवास्तव ने कहा कि टीम की एकजुटता से ही समाज सेवा की जा सकती हैं आज जो लोग जुड़े हैं उनका सम्मान कर सुखद की अनुभूति हो रही हैं। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 7235 जौनपुर के जिला अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि सामाजिक संगठन समाज हित में कार्य करते रहेंगे। अखिल भारतीय चित्रांश महासभा जौनपुर के जिला अध्यक्ष दयाल सरन श्रीवास्तव ने कहा कि आज इतनी बड़ी संख्या में एकत्र होने से समाज में विघटन करने वालों के मुंह पर तमाचा है अब जौनपुर कायस्थ समाज हमेशा एकजुट रहेगा। कायस्थ संघ अंतर्राष्ट्रीय जौनपुर के जिला अध्यक्ष अजय वर्मा अज्जू ने कहा कि जल्दी ही मेरे टीम का गठन कर दिया जाएगा। संगत पंगत एवं कायस्थ महासभा 7235 के राष्ट्रीय महासचिव राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट ने कहा कि सभी संगठनों के नवनियुक्ति पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा जिसमें हजारों लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। श्री चित्रगुप्त पूजन महासमिति जौनपुर के संस्थापक अध्यक्ष गण राकेश श्रीवास्तव साधु, सुरेश अस्थाना ने कहा कि कायस्थ समाज जागरूक हो गया है सभी पदाधिकारी एक दूसरे को जोड़ने का काम करने की शुरुवात करें। चित्रगुप्त सभा के महामंत्री श्यामलकांत श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि श्री चित्रगुप्त ध र्मशाला रूहटा निर्माण में आप सभी आगे आए जिले का एकमात्र कायस्थ धर्मशाला है।कायस्थ महासभा 7235 के राष्ट्रीय सचिव संतोष श्रीवास्तव सोनू राष्ट्रीय प्रवक्ता विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार ने कहा कि स्वामी चक्रपाणि महराज जी का कार्यक्रम जल्दी ही जौनपुर में आयोजित किया जाएगा। महापरिषद के जिला उपाध्यक्ष, रमेश चन्द श्रीवास्तव पूर्व प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ संगठन मंत्री उमेश श्रीवास्तव ने कहा कि सामाजिक कार्य करने से सामाजिक समरसता होती हैं और लोग जुड़ते है। उपस्थित कायस्थ समाज जौनपुर ने एक स्वर से कहा कि जौनपुर में दो भगवान चित्रगुप्त मंदिर जो रूहटा एवं बारी नाथ में स्थित हैं दोनों भगवान चित्रगुप्त मंदिर का सौंदयकरण कराया जाएगा। एवं कार्यक्रम से पूर्व कायस्थ समाज के लोगो ने माता मैहर देवी मंदिर में कायस्थ शिरोमणि माननीय श्री आर के सिन्हा बाबूजी सांसद के सुधार के लिए मंदिर में पूजन किया गया।उसके कार्यक्रम में ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस की महिला जिला अध्यक्ष ज्योति श्रीवास्तव , राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद की महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती सुमित श्रीवास्तव जी, जिला मंत्री श्रीमती सरला रानी श्रीवास्तव जिला मंत्री श्रीमती मीना श्रीवास्तव को संगठन द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गौरव श्रीवास्तव राजा, महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव कोटवा, पूर्व बैंक अधि ाकारी प्रमोद श्रीवास्तव पूर्व प्रशासनिक अधिकारी विकास भवन दिनेश चन्द श्रीवास्तव, किशन श्रीवास्तव संदीप श्रीवास्तव पत्रकार शशि राज सिन्हा पत्रकार, आशीष श्रीवास्तव एडवोकेट, अमर श्रीवास्तव देवेन्द्र श्रीवास्तव शैलेन्द्र मोहन अस्थाना, शिव शंकर श्रीवास्तव एडवोकेट, अश्विनी श्रीवास्तव संतोष श्रीवास्तव, डॉ कृष्ण देव वर्मा, महामंत्री ग्लोबल कायस्थ डॉ मिथलेश श्रीवास्तव , सुनील श्रीवास्तव अरुण श्रीवास्तव डब्बू संतोष निगम आलोक वर्मा, चंद्रमोहन श्रीवास्तव शशि श्रीवास्तव, प्रशांत पंकज श्रीवास्तव,विंध्याचल श्रीवास्तव डॉ संजय श्रीवास्तव, युवा जिलाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव,अनीश श्रीवास्तव नेता, मंगल श्रीवास्तव, किशन श्रीवास्तव सृजन श्रीवास्तव मोहित श्रीवास्तव अभिषेक श्रीवास्तव डॉ शिखर कांत श्रीवास्तव रितेश श्रीवास्तव , सुधांश श्रीवास्तव, डॉ विवेक श्रीवास्तव डॉ निलेश श्रीवास्तव नरेन्द्र मोदी विचार मंच के अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव जितेन्द्र श्रीवास्तव , मनीष श्रीवास्तव प्रदीप श्रीवास्तव राकेश श्रीवास्तव राजेश श्रीवास्तव अंशुमान श्रीवास्तव किशोर श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, रुद्र प्रताप श्रीवास्तव, केसरी नंदन श्रीवास्तव डॉ सुध ीर श्रीवास्तव इंद्र देव लाल, अनुपम श्रीवास्तव अर्णव श्रीवास्तव एडवोकेट शुभम श्रीवास्तव मनीष श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव आदि सैकड़ों कायस्थ समाज के लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का आयोजन



हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना)

राजकीय महाविद्यालय पिहानी हरदोई में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा गोद लिए गांव संतरहा में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से हमारे छात्रों को समाज सेवा के प्रति प्रेरित किया जाता है और उन्हें समाज के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी प्रदान की जाती है। इस अवसर पर चीफ प्रॉक्टर डॉ कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व के समुचित विकास के साथ– साथ विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने का एक बेहतरीन मंच हैं।

उद्घाटन के पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉ लक्ष्मी नारायण ने स्वयंसेवकों की टोली का गठन किया। तथा उन्हें अगले सात दिन तक गांव में किए जाने वाले रचनात्मक कार्यों को बताया। एन एस एस के लक्ष्य गीत का गायन किया गया। साथ ही साथ छात्र और छात्राओं को एन एस एस के आदर्श वाक्य से परिचित कराया गया तथा एन एस एस के लक्ष्यों एवं उद्देश्यों के विषय में भी बताया गया। स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधि ाकारी के डॉ दयाल शरण के निर्देशन में गांव का भ्रमण किया। प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में एन एस एस के स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं द्वारा सामुदायिक भवन की साफ– सफाई का कार्य किया गया इसके साथ ही साथ एन एस एस क्लैप भी बताई गई । इसके उपरान्त मध्यान्ह भोजन का वितरण किया गया । तदुपरांत द्वितीय सत्र में डॉ० मुख्य वक्त डॉ दयाल शरण ने पर्यावरण जागरूकता विषय पर अपना महत्वपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने पर्यावरण का अर्थ, पर्यावरण को हानि पहुंचाने वाले कारकों, पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए उपायों पर चर्चा की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ सुरेंद कुमार, श्री मती कीर्ति आनंद, डॉ माला पाठक कार्यालय प्रभारी मनोज मिश्र, रजनीश बाजपेई, रामजी एवं कर्मचारी, व छात्र और छात्राएं उपस्थित रहे।

# शिवरात्रि व रमजान पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए कोतवाली नगर में शांति कमेटी की बैठक संपन्न



अयोध्या। रविवार की शाम कोतवाली नगर में शिवरात्रि व रमजान पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए शांति कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया ।जिसमें प्रशासन व पुलिस प्रशासन के अलावा शहर के संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे ।इस मौके पर मौजूद लोगो ने अपने समस्याओं के बारे मे वहां पर मौजूद अधिकारियों को बताया ।जिसका समय रहते समाधान करने का आश्वासन वहां पर मौजूद प्रशासन व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने दिया ।इस मौके पर सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने कहा कि शिवरात्रि व रमजान पाव आपसी भाईचारे का है इसे हमें शांतिपूर्वक मनाना चाहिए ।कहां कि अगर किसी को भी किसी भी तरह की परेशानी हो तो वह बेहिचक पुलिस से या अपने स्थानीय चौकी प्रभारी से कह सकते हैं ।जिसका समय रहते ही उसका निराकरण किया जा सके ।उन्होंने बैठक में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अश्वनी पांडे, वरिष्ठ उप निरीक्षक प्रदीप कुमार तथा वहां पर मौजूद सभी चौकी प्रभारी को निर्देश दिए के खासकर शिवरात्रि से पहले उन सभी मार्गो का निरीक्षण कर ले जिध ार से शिवरात्रि के दिन जुलूस निकलता हो और यातायात व्यवस्था पर भी विचार करें कि जिसके चलते इस दौरान किसी भी नागरिक को किसी भी तरह का परेशानी ना हो। इस मौके पर इन दोनों अधिकारियों के अलावा कोतवाली नगर तथा थाना कैंट क्षेत्र के सभी चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

# विश्वविद्यालय में जल एवं ऊर्जा शोध केंद्र का हुआ भूमि पूजन

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में अंतर्विषयक जल एवं ऊर्जा शोध केंद्र सेंटर के निर्माण हेतु कुलपति प्रो. वंदना सिंह के द्वारा सोमवार को परिसर में भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर प्रो. वंदना सिंह ने कार्यदायी संस्था सी एण्ड डी. एस. के अधिकारियों को प्रोजेक्ट टाइम लाइन को ध्यान में रखते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए द्य कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि यह शोध केंद्र ऊर्जा एवं जल के क्षेत्र मे शोध कार्यों के लिए मील का पत्थर साबित होगा । वीर बहादुर सिंह



पूर्वांचल विश्वविद्यालय को भारत सरकार के पीएम उषा परियोजना के अंतर्गत 20 करोड रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ है जिसके अंतर्गत इंट्रडिसीप्लिनरी सेंटर फॉर वॉटर एंड एनर्जी रिसर्च की स्थापना किया जाना हैद्य इस शोध ा केंद्र में भारत सरकार की ऊर्जा एवं जल की प्राथमिकता को केंद्रित करते हए शोध कार्यों किए जाने है द्य शोध केंद्र के अंतर्गत सौर ऊर्जा, हाइड्रोजन ऊर्जा, थर्मोइलेक्ट्रिक, बैटरी एवं जल के क्षेत्र में विशेष रूप से शोध किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह, उप कुलसचिव अजीत सिंह, रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो. प्रमोद यादव, पीएम–उषा प्रोजेक्ट के समन्वयक प्रो. गिरिधर मिश्र, सह–समन्वयक डॉ. धीरेंद्र चौधरी, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. नितेश जायसवाल आदि के साथ विकास अनुभाग के प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेद्य

# भारती एयरटेल और एप्पल की रणनीतिक साझेदारी - एयरटेल वाई-फाई और पोस्टपेड ग्राहकों को मिलेगा एप्पल टीवी और एप्पल म्यूजिक का एक्सक्लूसिव ऑफर

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। भारती एयरटेल और एप्पल ने एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है, जिसके तहत एयरटेल ग्राहकों को एप्पल टीवी और एप्पल म्यूजिक की सेवाएं प्रदान की जाएंगी। छ999 से शुरू होने वाले सभी होम वाई–फाई प्लान्स के ग्राहकों को एप्पल टीवी के बेहतरीन कॉन्टेन्ट का एक्सेस मिलेगा, जिसे वे चलते–फिरते भी मल्टीपल डिवाइसेस पर स्ट्रीम कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त, छ999 या उससे अधिक के पोस्टपेड प्लान वाले ग्राहकों को एप्पल टीवी की सुविधा मिलेगी और वे 6 महीने तक फ्री एप्पल म्यूजिक का आनंद ले सकेंगे, जिसमें भारतीय और अंतरराष्ट्रीय संगीत का विशाल संग्रह उपलब्ध होगा।

इस रणनीतिक साझेदारी के तहत एयरटेल ग्राहक अब विशेष रूप से एप्पल टीवी के प्रीमियम और आकर्षक ड्रामा, कॉमेडी सीरीज, फीचर फिल्में, डॉक्यूमेंट्रीज, बच्चों और परिवार के लिए मनोरंजक कॉन्टेन्ट का आनंद ले सकेंगे। इसके साथ ही, एप्पल म्यूजिक की अंग्रेजी, हिंदी और अन्य भाषाओं में मौजूद अद्वितीय म्यूजिक लाइब्रेरी, एक शानदार ऑडियो अनुभव प्रदान करेगी।

सिद्धार्थ शर्मा – चीफ मार्केटिंग ऑफिसर और सीईओ दृ कनेक्टेड होम्स, भारती एयरटेल ने कहा, ष्हम एप्पल के साथ इस बड़े बदलाव की शुरुआत करने वाली साझेदारी की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं, जिससे हमारे ग्राहकों को उनकी शानदार वीडियो और म्यूजिक सेवाओं का एक्सक्लूसिव एक्सेस मिलेगा। यह साझेदारी हमारे लाखों होम वाई–फाई और पोस्टपेड ग्राहकों के लिए एक असाधारण मौका है, जिससे उन्हें एप्पल के प्रीमियम कॉन्टेन्ट का अनुभव मिलेगा। हमें विश्वास है कि यह सहयोग कॉन्टेन्ट की दुनिया को नए अंदाज में सबके सामने लाएगा और ग्राहकों के लिए मनोरंजन अनुभवों का एक नया मानक स्थापित करेगा।ष

शालिनी पोद्दार, निदेशक – कॉन्टेन्ट और सेवाएं, एप्पल इंडिया ने कहा, ष्हम एयरटेल के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं, जिससे हमारा बेहतरीन क्वालिटी वाला संगीत, प्रीमियम टीवी सीरीज और फिल्में लाखों उपभोक्ताओं तक पहुंचेंगी। यह साझेदारी हमारे रणनीतिक लक्ष्य के अनुसार बिल्कुल सटीक है, जो अवॉर्ड विजेता कॉन्टेन्ट, कहानियों और मनोरंजन को सभी के लिए आसानी से उपलब्ध कराना है।

इस साझेदारी के माध्यम से, ग्राहक एप्पल टीवी के सभी ओरिजिनल सीरीज और फिल्मों का विज्ञापन के बगैर आनंद उठा सकते हैं, जिसमें अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड जीती हुई हिट सीरीज जैसे ष्टेड लैसो,ष ष्सेवेरेंस,ष ष्द मॉर्निंग शो,ष ष्स्लो हॉर्सेस,ष ष्साइलो,ष ष्श्रिंकिंगष और ष्डिस्क्लेमरष, आदि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, वे ष्वॉल्फ्सष और ष्द गॉर्जष जैसी नवीनतम फिल्में भी देख सकेंगे। साथ ही, 6 महीने तक मुफ्त एप्पल म्यूजिक का लाभ मिलेगा, जिसमें भारतीय और अंतरराष्ट्रीय संगीत का विशाल संग्रह, क्यूरेटेड प्लेलिस्ट, आर्टिस्ट इंटरव्यू, एप्पल म्यूजिक रेडियो, एप्पल म्यूजिक सिंग, टाइम–सिंक्ड लिरिक्स, लॉसलेस ऑडियो और इमर्शिसिव स्पेयटील ऑडियो जैसी रोमांचिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। एप्पल टीवी और एप्पल म्यूजिक के जुड़ने से, अमेजन प्राइम, नेटफ्लिक्स, जी5, और जियो हॉटस्टार जैसी प्रमुख स्ट्रीमिंग सेवाओं के साथ, एयरटेल वाई–फाई ग्राहकों को अब मनोरंजन के असीमित विकल्प मिलेंगे। यह एयरटेल की डिजिटल लाइफस्टाइल सेवाओं में एक नया मील का पत्थर स्थापित करेगा और ग्राहकों को एक समग्र और समृद्ध मनोरंजन अनुभव प्रदान करेगा।

# बीडीओ व अधीक्षक की अध्यक्षता मे ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक संपन्न



अयोध्या ।सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मसौधा में ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुई ।बैठक की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी रूप नारायण भारती एवं अधीक्षक डॉक्टर आलोक रंजन संयुक्त रूप से किया गया ।बैठक में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस की गुणवत्ता को लेकर समीक्षा किया गया ।इस मौके पर ब्लॉक मोबिलाइजेशन कोऑर्डिनेटर यूनिसेफ धीरेंद्र नाथ पांडेय द्वारा माह फरवरी 2025 के फीडबैक पर विस्तार से चर्चा किया ।बताया कि ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर आंगनवाड़ी विभाग द्वारा बच्चों की वजन मशीन स्टेडियो मीटर इन्फैंटोमीटर उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए साथ ही साथ सैम मैम के बच्चों का प्रबंधन भी सुनिश्चित किया जाए ।बताया कि सभी सूत्रों का सुपरविजन किया जाए ।इस मौके पर अधीक्षक ने बताया कि टीकाकरण से उदासीन झिझक वैब परिवार में ब्लॉक रिस्पांस टीम प्रत्येक दशा में विजिट करके उन बच्चों को टीकाकरण करना सुनिश्चित करें ।साथ ही साथ प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान उच्च गुणवत्तापूर्ण मानक के अनुसार सभी टीम सदस्यों को करना है ।बैठक मे भदरसा नगर पंचायत एरिया का 0 से 5 साल के बच्चों का एवं गर्भवती महिलाओं का सर्वे करने पर चर्चा किया गया। बैठक के दौरान अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशुतोष श्रीवास्तव द्वारा सभी विभागों से सहयोग की अपेक्षा किया गया ।बैठक में अमिताभ सिंह, विश्व स्वास्थ्य संगठन के फील्ड मॉनिटर रमाशंकर पांडेय, अमित कुमार तिवारी,संतोष कुमार पांडेय,अर्चना सिंह, मेनका सिंह,शिवानी मिश्रा मौजूद रही।

# प्रयागराज महाकुंभ में पूरे 45 दिनों तक भक्तों की सेवा की विश्व सनातन कल्याण संघ ने



मृत्युंजय प्रताप सिंह

प्रयागराज महाकुंभ के सेक्टर नंबर 5 खाक चौक पुल नंबर 16 के बगल में हरिशचंद्र मार्ग सरस्वती चौराहा पर विश्व सनातन कल्याण संघ के संस्थापक अजय दादा अयोध्यावासी द्वारा अनवरत चलाए जा रहे भव्य भंडारे के 44 वें दिन भी बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। अजय दादा अयोध्या वासी एंड टीम ने बताया प्रयागराज महाकुंभ में आ रही श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए विश्व सनातन कल्याण संघ ने भव्य भण्डारे का आयोजन निशुल्क रहने की व्यवस्था शुरू किया था और 44 दिन से अनवरत यह अभियान जारी है, भंडारा 26 फरवरी महाशिवरात्रि कुंभ समाप्ति तक अनिवार्य चलता रहेगा! उन्होंने कहा कि भक्तजन दूर दूर से भूखे प्यासे आ रहे हैं और हमारा छोटा सा प्रयास है कि थके मांदे भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि महाशिवरात्रि पर्व तक इस भव्य भण्डारे को बराबर चलाया जाए।

# इसौली विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं,मौके पर किया समाधान



ब्यूरो सुलतानपुर

सुल्तानपुर। इसौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने क्षेत्रीय दौरे के दौरान जनता की समस्याएं सुनीं और कई मुद्दों का मौके पर ही निपटारा किया। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि लंबित समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाए ।विध ाायक ने विधानसभा क्षेत्र के गजेहड़ी, कुड़वार, वरासिन, सरैया, वलीपुर, इब्राहीमपुर, रसूलपुर, सहजोरा, अलियाबाद, पारा बाजार, अरवल और सैनी बाजार समेत कई स्थानों पर पहुंचे और जनसंपर्क कर लोगों की समस्याओं को जाना। जल, सड़क, बिजली सहित अन्य समस्याओं को लेकर लोगों ने अपनी बात रखी, जिस पर विधायक ने अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए ।बल्दीराय तहसील के नागरिकों ने विधायक से बल्दीराय को टाउन एरिया का दर्जा दिलाने की मांग रखी। इस पर विधायक ने आश्वासन दिया कि वह लखनऊ जाकर विध ाानसभा सत्र में इस मुद्दे को उठाएंगे ।विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने कहा कि क्षेत्र में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से विकास कार्य किए जाएंगे और जनता को हो रही असुविधाओं का तत्काल समाधान किया जाएगा ।इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेता उमाकांत यादव, बल्दीराय ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश यादव, इंजीनियर निहाल अहमद, साबिर अली सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दस्तावेजों में मृतक पुत्तीलाल को मिला न्याय



हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) सोमवार को एक व्यक्ति पुत्तीलाल अपने भतीजे दिलीप के साथ जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह से मिले और अपनी व्यथा सुनाते हुए रो पड़े, उन्होंने कहा कि उनको करीब ढाई साल पहले दस्तावेजों में मृतक दिखा दिया गया जिसकी वजह से उनको सरकारी योजनाओं के लाभ नहीं मिल पा रहे हैं। दस्तावेजों में मृतक होने के कारण उनको वृद्धावस्था पेंशन मिलनी बन्द हो गयी। जिलाधिकारी ने तत्काल समाज कल्याण अधिकारी को बुलाया और निर्देश दिए कि त्रुटि सुधार करते हुए पुत्तीलाल की पेंशन प्रारम्भ करायी जाये। जिलाधिकारी के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए समाज कल्याण विभाग ने तत्काल कार्रवाई प्रारम्भ कर दी। जिलाधिकारी ने वर्चुअल माध्यम से जुड़े खण्ड विकास अधिकारी भरखनी को कड़ी फटकार लगायी और तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को इस सम्बन्ध में जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। किसान सम्मान निधि के सम्बन्ध में उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को कार्रवाई करने को कहा। विकास खण्ड भरखनी के ग्राम बहाउद्दीनपुर ग्राम पंचायत कैथा नेवादा निवासी पुत्तीलाल खुशी के आंसू लेकर कलेक्ट्रेट से रवाना हुए। पुत्तीलाल ने बताया कि इसी प्रकार के मामलों में जिलाधिकारी की त्वरित कार्रवाई के बारे में सुनकर आज कलेक्ट्रेट पहुँचे।

# कोतवाली अयोध्या क्षेत्र के मणिपर्वत क्षेत्र बुजुर्ग की कुल्हाड़ी से हत्या,पुलिस छानबीन में जुटी

अयोध्या ।अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के मणि पर्वत में सुबह 66 वर्षीय बुजुर्ग लालता प्रसाद की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी गई ।अयोध्या धाम में इस समय कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद सारेआम बुजुर्ग की हत्या होना कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान लग रहा है। फिलहाल बुजुर्ग की हत्या से आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अयोध्या मनोज शर्मा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच हो रही है ।इस प्रकरण में कचरा बीनने वाले एक युवक का नाम सामने आया है ।मृतक लालता प्रसाद रोज सुबह उसके पास जाकर बैठते थे और चाय पीते थे ।बताया कि लालता प्रयाद कानपुर जिले के बाबा घाट सिविल लाइंस के रहने वाले थे ।वे इसी माह 8 फरवरी को आश्रम वे यहाँ पर रहने आए थे ।उन्होंने बताया कि घटना स्थल आश्रम से महज 100 मीटर दूर है। वहां कबाड़ बीनने वाले कुछ लोग रहते हैं ।शक है कि उसी में किसी ने बुजुर्ग की हत्या कर दी है।

